शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

www.rajteachers.com

# गतिविधि आधारित अधिगम (ABL)




## राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद्



### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु

# गतिविधि आधारित अधिगम (ABL)

## पृष्ठभूमि एवं अवधारणा

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 तथा 'नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009' शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन की पहल करते हैं साथ ही विद्यालयों में बच्चों के सीखने को स्थायी बनाने, सीखने में आ रही चुनौतियों को समझने एवं उनका समाधान करने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाते हैं। सीखना गतिविधि आधारित, आनन्ददायी, रुचिकर एवं बाल उपयोगी हो। सीखने की प्रक्रिया में प्रत्येक बच्चा महत्त्वपूर्ण है। बच्चे को अपनी गति, रुचि एवं स्तर के अनुसार स्वयं करके सीखने के अवसर उपलब्ध हों, इस हेतु राजस्थान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ष 2016-17 में सर्व शिक्षा अभियान के द्वारा उत्कृष्ट विद्यालयों की कक्षा 1 व 2 के लिए गतिविधि आधारित अधिगम (ABL) किट का विकास किया गया।

प्रथम चरण के अन्तर्गत वर्ष 2016-17 में नामांकन के आधार पर चयनित 2853 उत्कृष्ट विद्यालयों को गतिविधि कक्ष विकास एवं गतिविधि आधारित अधिगम (ABL) किट उपलब्ध करवाई गई थी। द्वितीय चरण में वर्ष 2017-18 में विस्तार करते हुए 8118 (शेष रहे समस्त 6778 उत्कृष्ट व प्रथम फेज के 1340 आदर्श) विद्यालयों की कक्षा 1 व 2 में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एबीएल कक्ष के साथ प्रारम्भिक शिक्षा विभाग, एनसीईआरटी, नई दिल्ली द्वारा किट की समीक्षा उपरान्त विषयवार सुझावों को समाहित करते हुए संवर्द्धित गतिविधि आधारित अधिगम (ABL) किट उपलब्ध करवाई गई है। इसके अन्तर्गत कक्षा-कक्षीय प्रक्रिया में बाल केन्द्रित शिक्षा शास्त्र के अनुसार गतिविधि आधारित अधिगम करवाते हुए सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन किया जाना है, जिससे बच्चे अपनी गति, रुचि और स्तर के अनुसार ज्ञान का निर्माण कर सकें।

## उद्देश्य

- प्राथमिक शिक्षा की नींव को मजबूत करना।
- बाल केन्द्रित शिक्षण (CCP) सुनिश्चित करना।
- शिक्षण को सहज, सरल, आनन्ददायी एवं रुचिकर बनाना।
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रक्रिया को सुनिश्चित करना।
- कक्षा-कक्षीय प्रक्रिया को गतिविधि आधारित बनाना।
- कक्षा-कक्षीय प्रक्रिया में बच्चों का ठहराव सुनिश्चित करना।
- बच्चे को कार्य करके सीखने के पर्याप्त अवसरों की उपलब्धता।
- बच्चे में सीखने के प्रति पूर्णता की भावना को प्रोत्साहित करना।



## गतिविधि आधारित अधिगम


**गतिविधि कक्ष :** गतिविधि आधारित शिक्षण के लिए विद्यालयों में कक्षा 1 व 2 में अध्ययनरत बच्चों के अधिगम स्तरानुसार गतिविधि कक्ष (Activity Room) का विकास किया गया है। जिसमें दीवार पर बच्चों को स्वतन्त्र रूप से कार्य करके सीखने के उद्देश्य से 2.5 फीट ऊँचाई तक श्यामपट्ट व हिन्दी, गणित और अंग्रेजी का विषयवार लेखन एवं चित्रण किया गया है, इनका पर्यावरण अध्ययन विषय के शिक्षण में भी उपयोग किया जाना है। कक्ष में डॉट बोर्ड, बॉक्स बोर्ड, डिसप्ले बोर्ड, चौकी (साइज 4'x2.5'x1') इत्यादि भी उपलब्ध कराई गई है।




- Activity Card • Alphabet Flash Card • Display Card • Domino Card • Month Name Card • Picture Card • Word in Flower Shape • Action Card • Picture Puzzle • Sentence Making Card • Work-sheet Booklet




- गतिविधि कार्ड • वर्ण फ्लेश कार्ड • मात्रा खिड़की कार्ड • वर्ग पहेली • शब्द चकरी • मुखौटे • शब्द कलैण्डर, • शब्द पजल • वाक्य पजल • कार्यपत्रक पुस्तिका




• गतिविधि कार्ड • चकरी खेल • खिलौना नोट व सिक्के • दुकान हेतु कार्ड • संख्या कार्ड • मछली की आकृति के फ्लेश कार्ड • संख्या निर्माण कलैण्डर • जोड़/घटाव पट्टिका • वर्ग पहेली • संक्रिया खिड़की • डोमिनो कार्ड • माह कार्ड • रंग संकेतीकरण चार्ट • विभिन्न आकृतियाँ • घड़ी • स्टेनसिल पट्टिका • कार्यपत्रक पुस्तिका

## शिक्षक विद्यार्थी किट

इस किट हेतु सुझाई गई सामग्री शिक्षण के दौरान शिक्षक व बच्चों द्वारा काम में ली जानी है। इस हेतु ए.बी.एल. में चयनित प्रत्येक विद्यालय को रु. 1000/- (एक हजार रुपये) की राशि एस.एस.ए. के माध्यम से एस.एम.सी. को आंवटित की गई है। इस राशि से पैन्सिल, शार्पनर, रबर, पेपर रिम (सफेद व रंगीन), पैन्सिल कलर एवं क्रियोन कलर इत्यादि का क्रय किया जाना है। इस हेतु स्थानीय भामाशाहों से सहयोग लिया जाना भी अपेक्षित है।

## गतिविधि आधारित अधिगम किट

उत्कृष्ट व प्रथम फेज के आदर्श विद्यालयों को एक गतिविधि किट उपलब्ध करवाई गई है, जिससे कक्षा 1 व 2 के बच्चे स्वयं गतिविधि करते हुए सक्रिय अधिगम कर ज्ञान का निर्माण कर सकें। गतिविधि आधारित अधिगम किट में तैयार सामग्री का विभिन्न विषयों के अधिगम सूचकों, अधिगम क्षेत्रों व उच्च शिक्षाक्रमणीय उद्देश्यों के साथ अन्तर्सम्बन्ध को Circular diagram में रेखांकित किया गया है। जिसमें बच्चे के साथ की गई गतिविधियों को केन्द्र में रखकर उसकी शैक्षिक प्रगति के उत्तरोत्तर विकास को दर्शाया गया है। यह किट विषयवार अधिगम क्षेत्र एवं अधिगम प्रतिफल अनुसार तैयार की गई है। इसके साथ शिक्षक स्थानीय परिवेश में उपलब्ध अन्य सामग्री को उपयोग में लेवें, जिससे बच्चों को सीखने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हो सकें। किट में -


- चार्ट
- फ्लेश कार्ड - अंक, वर्ण एवं शब्द
- विषयवार कार्यपत्रक
- गतिवधि कार्ड
- चयनित एवं नियोजित गतिविधि अनुरूप सामग्री सम्मिलित है।
- शिक्षक मार्गदर्शिका

## कक्षा-कक्षीय प्रक्रिया

विद्यालयों को कक्षा-कक्षीय प्रक्रिया हेतु गतिविधि किट उपलब्ध करवाई गई है, इसका उपयोग बच्चों के अधिगम स्तर उन्नयन हेतु किया जाना है। गतिविधि आधारित किट का निर्माण शिक्षण कार्य में 'करके सीखने' की जरूरत को पूरा करने के उद्देश्य से किया गया है।

गतिविधि आधारित किट की सामग्री को विकसित करते समय यह ध्यान रखा गया है कि शिक्षक इसकी प्रत्येक सामग्री का शिक्षण में अधिकतम उपयोग कर अधिगम के उद्देश्यों को पूरा करने के साथ ही सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन की व्यापकता में उच्च स्तरीय कौशलों पर भी कार्य कर सकेंगे। यथा-सम्प्रेषण, अभिव्यक्ति, सृजनशीलता, तर्कशीलता, परिवेशीय सजगता, विषय के प्रति रूझान आदि।


शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी एवं रुचिकर बनाने के लिए गतिविधि आधारित कक्ष में दीवार लेखन का कार्य करवाया गया है तथा बच्चों को स्वतन्त्र रूप से कार्य करने के अवसर उपलब्ध करवाए गए हैं।





## आकलन एवं मूल्यांकन


आकलन छोटे-छोटे उद्देश्यों के साथ किया जाता है। आकलन मूल्यांकन का आधार है। आकलन से कार्य की प्रक्रिया में निरन्तर सुधार किया जाता है। यह मूल्यांकन प्रक्रिया का ही हिस्सा है। आकलन में संभावनाएँ व्याप्त होती हैं। मूल्यांकन बड़े लक्ष्य को इंगित करता है तथा निश्चितता का बोध कराता है। आकलन के कुछ चरणों को मिलाकर समग्रता में मूल्यांकित करना ही मूल्यांकन है। मूल्यांकन वह प्रक्रिया है जिससे यह पता लगता है कि अपेक्षित दक्षताएँ किस स्तर तक विकसित हो पाई हैं।

# राजस्थान में एबीएल प्रभावी संचालन का विस्तार




उत्कृष्ट विद्यालय




आदर्श विद्यालय

## हमारे दायित्व

### ☛ शिक्षक के रूप में

- ABL किट में दी गई विषयवार मार्गदर्शिका के अनुसार गतिविधियों का नियोजन कर शिक्षण अधिगम प्रक्रिया सम्पादित करना।
- बाल केन्द्रित शिक्षण-शास्त्र के अनुसार शिक्षण प्रक्रिया सम्पन्न कराना।
- शिक्षक द्वारा बच्चों का गतिविधि आधारित अधिगम, उनका व्यक्तिगत और सामूहिक कार्यक्षेत्र में आकलन करना।
- ABL किट की मदद से बच्चों के अधिगम स्तर में अभिवृद्धि करना।
- ABL किट में उपलब्ध गतिविधि कार्डों व अन्य सामग्री के माध्यम से कक्षा-कक्षीय प्रक्रिया को रुचिकर बनाना।

### ☛ संस्था प्रधान के रूप में

- कक्षा में गतिविधि आधारित शिक्षण को सुनिश्चित करना।
- कक्षा शिक्षण में ABL किट के उपयोग की सुनिश्चिता।
- प्रतिमाह शिक्षकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित करना।
- गतिविधि आधारित शिक्षण में आ रही शिक्षकों की कठिनाइयों को पहचानना व दूर करना।
- विद्यालय में समुदाय की सहभागिता बढ़ाने हेतु प्रयास करना।
- संस्था प्रधान द्वारा अभिभावक शिक्षक बैठक में बच्चों की शैक्षिक प्रगति को समुदाय के साथ-साझा करना।

### ☛ अवलोकनकर्त्ता के रूप में

- अवलोकनकर्त्ता की भूमिका सम्बलनकर्ता के रूप में हो।
- गतिविधि आधारित शिक्षण में ABL किट के उपयोग की स्थिति एवं समीक्षा।
- पोर्टफोलियो में ABL कार्यपत्रकों का संधारण व चैकलिस्ट में आकलन दर्ज की स्थिति एवं समीक्षा।
- अभिभावक शिक्षक बैठक में बच्चों की शैक्षिक प्रगति को साझा करने के साक्ष्यों का अवलोकन।
- अवलोकन के दौरान संज्ञान में आये बिन्दुओं पर संस्थाप्रधान व शिक्षकों के साथ चर्चा।
- गत अवलोकनकर्ता के सुझावों / निर्देशों के पालना की समीक्षा।

### ☛ समुदाय के रूप में

- समुदाय का प्रमुख दायित्व विद्यालय विकास योजना में मदद करना।
- विद्यालय में आ रही कठिनाइयों को साझा करना एवं समाधान हेतु सहयोग प्रदान करना।
- विद्यालय की सभी गतिविधियों, समारोहों, खेलकूद और शैक्षिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना।
- बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना।
- बच्चों से विद्यालय के बारे में कुछ समय चर्चा करना।
- PTM में शिक्षक से अपने बच्चों की प्रगति को साझा करना।

**विद्यालय में समुदाय की सहभागिता से न केवल बच्चे की प्रगति बेहतर होगी, बल्कि शिक्षक को भी प्रसन्नता होगी कि उनके द्वारा विद्यालय में शिक्षण के दौरान किए गए प्रयास समुदाय से साझा हो रहे हैं। यदि बच्चे को सीखने में समस्या आ रही है तो शिक्षक से चर्चा करना कि इसके क्या कारण हो सकते हैं और कैसे इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। इससे विद्यालय में समुदाय की सहभागिता भी बढ़ेगी।**

राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद
ब्लॉक-5, डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

सहभागी संस्थाएँ
unicef